# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 03 जून 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:






Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine

# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON
Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

**Q. आध्यात्मिक क्षेत्र पर्यावरण संस्थान, जोधपुर द्वारा भारतीय सेना में किसे 38वें वृक्ष बंधु पुरस्कार प्रदान किया जाएगा ?**

(a) एमएल गर्ग
(b) ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह
(c) तनुश्री पारीक
(d) इनमें से कोई नही

- हाल ही में 38वें वृक्ष बंधु पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई है।
- 1 साल में 4.5 लाख पौधे लगाने पर बीएसएफ आईजी एमएल गर्ग को वृक्ष बंधु पुरस्कार दिया जाएगा।
- वृक्ष बंधु पुरस्कार आध्यात्मिक क्षेत्र पर्यावरण संस्थान जोधपुर द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को दिया जाता है, इस वर्ष 37 पर्यावरण प्रेमियों का सम्मान किया जाएगा।
- विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून को वृक्ष बंधु पुरस्कार समारोह में यह पुरस्कार दिए जाएंगे

01. राजस्थान पुलिस की ओर से छात्र-छात्राओं को निशुल्क सेल्फ डिफेंस जैसी मजबूत विधाओं की जानकारी हेतु कौनसा अभियान शुरू किया गया है?

(A) सुरक्षा चक्र अभियान

(B) सुरक्षित समाज अभियान

(C) जीवन चक्र अभियान

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦राजस्थान पुलिस की ओर से सुरक्षा चक्र अभियान का आगाज किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को निशुल्क (सेल्फ डिफेंस) आत्मरक्षा जुडो कराटे, मार्शल आर्ट जैसी मजबूत विधाओं की जानकारी दी गई।

♦ तीसरी बटालियन राजस्थान सशस्त्र दल (आरएसी) बीकानेर की कमांडेंट सीमा हिंगोनिया ने बताया कि राजस्थान पुलिस का सुरक्षा चक्रअभियान का आगाज किया गया और सुरक्षा चक्र पोस्टर विमोचन पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर द्वारा किया गया।

♦कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों कक्षा (6-12)के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क (सेल्फ डिफेंस )आत्मरक्षा जुडो कराटे, मार्शल आर्ट जैसी मजबूत विधाओं की जानकारी देना है

02.केंद्र सरकार और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से अब प्रदेश के 9 प्रमुख शहरों की सड़कों पर कुल कितनी इलेक्ट्रिक बसें दौड़ेंगी?

(a) 4600 इलेक्ट्रिक बसें

(b) 2488 इलेक्ट्रिक

(c) 1100 इलेक्ट्रिक

(d) इनमें से कोई नही



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦केंद्र सरकार और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से अब प्रदेश के 9 प्रमुख शहरों की सड़कों पर कुल 1100 इलेक्ट्रिक बसें दौड़ेंगी.

♦यह पहल “पीएम ई-ड्राइव योजना” के तहत की जा रही है, जिसका उद्देश्य न केवल प्रदूषण को नियंत्रित करना है, बल्कि यात्रियों को आरामदायक, किफायती और स्वच्छ परिवहन विकल्प प्रदान करना भी है.

♦दरअसल, इस योजना की कमान राजस्थान रोडवेज की सहयोगी संस्था जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड को दी गई है. पहले चरण में 675 इलेक्ट्रिक बसें वितरित की जाएंगी, जिनमें राजधानी जयपुर को सबसे ज्यादा 150 बसें मिलेंगी.

03.राजस्थान ने जननी सुरक्षा योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में देश में कौनसा स्थान प्राप्त किया है?

(A) पहला

(B) तीसरा

(C) दूहरा

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦ राजस्थान ने जननी सुरक्षा योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में देश में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है।

♦जननी सुरक्षा योजना का शुभारम्भ राजस्थान में सितम्बर 2005 से किया गया।

♦जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत गर्भवती महिलाओं को सुविधाएं नि:शुल्क प्रदान की जा रही है

♦प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में पहली बार गर्भवती होने वाली ग्रामीण महिला के खाते में कुल 6400 रुपये व शहरी गर्भवती के खाते में कुल 6000 रुपये दिये जाते हैं।

04.विश्व संगीत दिवस की पूर्व संध्या पर राजस्थान की कितनी विभूतियों को मरुधरा गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा?

(A) 11

(B) 10

(C) 09

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦विश्व संगीत दिवस की पूर्व संध्या पर 20 जून को मरुधरा लोक कला संगीत और सेवा संस्थान द्वारा 11 विभूतियों को मरुधरा गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

♦संस्थान की अध्यक्ष डॉ. स्वाति शर्मा ने बताया कि सम्मानित किए जाने वाले चार लोगों में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित प्रतिभाएं शामिल है, जिनमें पद्मश्री से सम्मानित डॉ. नारायण सिंह माणकलाव, मोइनुद्दीन खान, अनवर खान और शीन काफ़ निजाम का नाम शामिल है,

♦जबकि टेलीविजन और फिल्मों के जरिए लोक गीतों और लोक नृत्यों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने वाली प्रतिभाएं भी सम्मानित होगी।हैं

05.हाल ही में 1971 के भारत-पाक युद्ध में अद्भुत वीरता दिखाने वाले किस जिले के मानद कैप्टन (रिसालदार मेजर) नाथू सिंह का निधन हुआ है?

(a) जैसलमेर

(b) नागौर

(c) अजमेर

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

➡1971 के भारत-पाक युद्ध में अद्भुत वीरता दिखाने वाले मानद कैप्टन (रिसालदार मेजर) नाथू सिंह जोधा का शनिवार तड़के निधन हो गया।

♦वे राजस्थान के नागौर जिले की लाडनूं तहसील के गांव हुसैनपुरा के निवासी थे।

♦दरअसल, 1971 के भारत-पाक युद्ध का एक गुमनाम नायक, जिसने परमवीर चक्र विजेता सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के टैंक में गनर की भूमिका निभाते हुए पाकिस्तानी सेना के 10 से अधिक टैंकों को ध्वस्त कर दिया था,

**06. हाल ही में 21 मार्च से 23 मार्च तक विजयदान देथा साहित्य उत्सव' का आयोजन  कहां किया गया?**

(a) जयपुर

(b) अलवर

(c) जोधपुर

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की पहल पर राजस्थानी भाषा के प्रचार-प्रसार और संवर्धन के लिए 21 मार्च से 23 मार्च तक जयपुर के जवाहर कला केंद्र में 'विजयदान देथा साहित्य उत्सव' का आयोजन किया गया।
- इस तीन दिवसीय भव्य साहित्य उत्सव के अंतिम दिन राजस्थानी भाषा, साहित्य और संस्कृति के साहित्यकारों, कवियों, विद्वानों और भाषा प्रेमियों ने भाग लिया।
- विजयदान देथा जिन्हें बिज्जी के नाम से भी जाना जाता था राजस्थान के विख्यात लेखक और पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित व्यक्ति थे

07.भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की विज्ञान ज्योति प्रोग्राम की रिपोर्ट में राजस्थान देश में कौनसे स्थान पर है?

(A) तीसरे

(B) पहले

(C) चौथे

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

➡भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की विज्ञान ज्योति प्रोग्राम की रिपोर्ट में राजस्थान देश में चौथे स्थान पर है

♦विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय 2019-20 से मेधावी लड़कियों को स्टीम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) क्षेत्रों में उच्च शिक्षा एवं कॅरियर को आगे बढ़ाने के लिए विज्ञान ज्योति कार्यक्रम चला रहा है।

♦इस कार्यक्रम का उद्देश्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (स्टीम) में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है।

♦लाभ उठाने में उत्तर प्रदेश की बेटियां देश में टॉप पर है.

08.प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अप्रैल में राज्य में कितने लाख नये आवास स्वीकृत किये गये?

(A) 3.69 लाख

(B) 2.77 लाख

(C) 4.88 लाख

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राजस्थान के गरीबों को बड़ी सौगात दी।

♦केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की है कि अप्रैल में राज्य में 2.77 लाख नये आवास स्वीकृत किये।

♦अब तक राजस्थान में 20 लाख मकान बनाए जा चुके हैं।
प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राजस्थान में 24 लाख मकान बनाने का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें से अब तक 20 लाख मकान पूरे हो चुके हैं।

09.हाल ही में किसे भारतीय उद्योग परिसंघ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया?

(a) राजीव मेमानी

(b) नीरज वर्मा

(c) सचिन मल्होत्रा

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

♦EY इंडिया के चेयरमैन और CEO राजीव मेमानी को वित्त वर्ष 26 के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

♦वे ITC लिमिटेड के संजीव पुरी की जगह लेंगे।

आर. मुकुंदन (टाटा केमिकल्स) और सुचित्रा के एला (भारत बायोटेक) ने अध्यक्ष-पदनाम और उपाध्यक्ष का पदभार संभाला।

♦मुकुंदन IIT रुड़की के पूर्व छात्र और हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से स्नातक हैं।

♦एला ने 1996 में भारत बायोटेक की सह-स्थापना की थी। ।

10. हाल ही में कहां पर दक्षिण एशिया की 'सबसे बड़ी' बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली का उद्घाटन किया गया ?

(a) नई दिल्ली

(b) जयपुर

(c) बेंगलुरु

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦दिल्ली के ऊर्जा मंत्री ने दक्षिण दिल्ली के किलोकरी में 20 मेगावाट की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (BESS) का उद्घाटन किया।

♦बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (BESS) बड़े पैमाने की बैटरियाँ हैं, जिनका उपयोग सौर और पवन जैसे नवीकरणीय स्रोतों से ऊर्जा को बाद में उपयोग के लिए संग्रहीत करने के लिए किया जाता है।

♦यह दक्षिण एशिया में सबसे बड़ी उपयोगिता-स्तरीय प्रणाली है और भारत की पहली व्यावसायिक रूप से स्वीकृत ऊर्जा भंडारण प्रणाली है।

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान में 37 करोड़ रुपए की लागत से देश का पहला अत्याधुनिक सरकारी कार्डियक सेंटर बनकर कहां तैयार हो चुका है?**

(a) जयपुर

(b) जोधपुर

(c) कोटा

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine